
बेबे रूथ और आइसक्रीम

डैन गुटमैन




बेबे रूथ और आइसक्रीम



बेबे रूथ और आइसक्रीम


डैन गुटमैन



दुर्घटना!

बेसबॉल खिड़की से टकराकर एक महिला के
किचन सिंक में जाकर गिरी.








"तुम में से यह किसने किया?" महिला चिल्लाई. "मैं अभी पुलिस को फोन करती हूँ!"

"यहाँ से भागो!" सात वर्षीय जॉर्ज रूथ चिल्लाया. फिर बच्चे चारों दिशाओं में दौड़कर बिखर गए.




जॉर्ज बहुत तेज स्पीड में भागा.

उसने बेसबॉल जानबूझ कर इतनी तेज़ नहीं मारी थी. लेकिन जॉर्ज, बाल्टीमोर के किसी भी बच्चे की तुलना में अधिक जोर से बेसबॉल हिट कर सकता था और तेजी से दौड़ सकता था.
उसे बेसबॉल खेलना बहुत पसंद था.



जॉर्ज एक आइसक्रीम की गाड़ी
के पीछे भागा.







वो भी एक आइसक्रीम खरीदना चाहता था.
लेकिन आइसक्रीम की कीमत बहुत ज़्यादा थी -
और उसके पास पैसे नहीं थे.

अंत में, जॉर्ज अपने पिता की दुकान में पहुंचा. "पिताजी! दोपहर के खाने में क्या है?" जॉर्ज ने पूछा.

जॉर्ज ने पिता को खोजा लेकिन उसे दुकान में कोई भी दिखाई नहीं दिया.





अचानक जॉर्ज ने काउंटर पर कुछ पड़ा हुआ देखा.

वहां एक डॉलर का नोट पड़ा था.


एक पूरा डॉलर वहां अकेला पड़ा था.






जॉर्ज ने डॉलर को देखा. अगर उसने उसे वहीं छोड़ दिया तो डॉलर का नोट कहीं उड़कर जा सकता था. या फिर कोई उसे उठा सकता था.

इसलिए जॉर्ज ने वो डॉलर खुद उठा लिया.





उसने बाकी बच्चों को
आइसक्रीम की गाड़ी के पास
गली में खेलते हुए पाया.

"तुमने हमारी एकमात्र बेसबॉल खो दी, जॉर्ज!"
उन्होंने शिकायत के लहज़े के कहा.

"उसके लिए मैं माफ़ी चाहता हूँ!" जॉर्ज ने कहा.
उसे खुद इस बात का बहुत बुरा लग रहा था.




फिर जॉर्ज ने डॉलर के नोट को अपनी जेब में महसूस किया.

उसके पिता शायद एक छोटे से डॉलर की परवाह नहीं करेंगे.

"क्या तुम्हें एक आइसक्रीम चाहिए, बेटा?" ठेले वाले आदमी ने पूछा.


"नहीं," जॉर्ज ने कहा, "मुझे अपने लिए नहीं बल्कि सभी बच्चों के लिए आइसक्रीम चाहिए!"




जॉर्ज ने उस ठेले वाले को सभी बच्चों को आइसक्रीम देने के लिए एक डॉलर का भुगतान किया.

"हुर्रे!" बच्चे ख़ुशी से चिल्लाए. उन्होंने प्यार से जॉर्ज की पीठ थपथपाई.

'धन्यवाद, जॉर्ज!"



बच्चों के पास पैसे नहीं थे. उन्हें शायद ही कभी आइसक्रीम खाने को मिलती हो.





जब जॉर्ज घर लौटा तो वहां माता-पिता उसका इंतजार कर रहे थे.

"जॉर्ज," उसके पिता ने पूछा, "क्या तुमने यहाँ से एक डॉलर लिया?"

"हाँ," जॉर्ज ने कहा.

जॉर्ज को झूठ बोलना बिल्कुल पसंद नहीं था. फिर उसके पिता तहखाने में से अपना बैट लेने दौड़े.






"तुमने ऐसा क्यों किया, जॉर्ज?" उसकी माँ ने पूछा.

"मैं चाहता था कि दूसरे बच्चे, मेरे दोस्त बनें," जॉर्ज ने कहा.

"मैं चाहता था कि वे मुझे पसंद करें."







मिसेज़ रूथ ने आह भरी.

"हर कोई तुम्हें पसंद करता है, जॉर्ज. लेकिन अगर तुम अपने मित्रों के लिए आइसक्रीम खरीदोगे ताकि वो तुम्हें पसंद करें, फिर तुम यह कभी नहीं जान पाओगे कि क्या वे तुम्हें पसंद करते हैं या आइसक्रीम."


"पैसे चुराना गलत बात है, जॉर्ज. देखो, तुम्हारे पिताजी पैसे कमाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं. उन पैसों से हम अपने जीने के लिए भोजन और अन्य चीज़ें खरीदते हैं."





"माँ, मैं बेहतर बनने की कोशिश करूंगा," जॉर्ज ने रोते हुए कहा.

मिसेज़ रूथ जानती थीं कि उनका बेटा सच कह रहा था. वो एक अच्छा लड़का था, लेकिन कभी-कभी अच्छे लड़के भी कोई बुरा काम कर सकते हैं.






मिस्टर रूथ तहखाने की सीढ़ियों से
ऊपर आए. वो काफी गुस्से में थे.

आगे क्या होगा वो
जॉर्ज को पता था.





इससे पहले कि उसके पिता उसे पकड़ पाते,
जॉर्ज सामने के दरवाजे से बाहर भागा!



"वापस आओ, जॉर्ज!" उसके पिता चिल्लाए.

मिसेज़ रूथ ने अपने बेटे को देखा, और
सोचा कि अब उसका क्या हश्र होगा.

जब वो बड़ा हुआ, तो जॉर्ज "बेबे" रूथ इतिहास के सबसे प्रसिद्ध
बेसबॉल खिलाड़ियों में से एक बना.
वो एक बहुत उदार व्यक्ति था, लेकिन कभी-कभी वो भी बिना
सोचे-समझे ही कोई काम कर डालता था.